# ढाबे में चली गोली, शराब दुकान का कर्मचारी घायल

## मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र की घटना,आरोपी मना रहे थे जन्मदिन की पार्टी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 नवम्बर. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में शनिवार रविवार की दरमियानी रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ढाबे में चल रही जन्मदिन पार्टी के दौरान अचानक गोली चल गई।**

### घायल का उपचार जारी

घटना की सूचना मिलते ही अमरपाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि गोली हर्ष फायर थी या हमला। सतना के बिरला अस्पताल में डॉक्टरों के देखरेख में घायल का उपचार चल रहा है। पुलिस बयान लेने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

घटना जय मां फैमिली रेस्टोरेंट रैकवार की बताई जा रही है, जहां शिवम पटेल अपने साथियों पुनीत पटेल व अन्य के साथ बर्थडे पार्टी कर रहा था। बताया गया कि इसी दौरान अचानक कुछ अज्ञात कार सवार रेस्टोरेंट के बाहर आए और गोली चला दी। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना देर रात लगभग 1 बजे से 4 बजे के बीच हुई। बताया गया कि घायल पुनीत पटेल



अमरपाटन की देशी शराब दुकान में कर्मचारी के रूप में कार्यरत है और बेला कॉलोनी, अमरपाटन का निवासी है। गोली लगते ही शराब कंपनी के साथियों ने उसे तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पार्टी में शराब परोसी जा रही थी और तेज आवाज में संगीत बज रहा था। इसी बीच गोली चलने की आवाज से लोग दहशत में आ गए। गोली पुनीत पटेल के बाएं पैर के पंजे में लगी और आरपार हो गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गोली हर्ष फायर के दौरान चली या किसी ने जानबूझकर निशाना साधा।

### थाने में नहीं हुई शिकायत

पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में संभावित मार्गों पर नाकाबंदी कर जांच तेज कर दी है। घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लेकिन मामले का काबिलेगौर पहलू यह भी रहा कि ढाबा के संचालक द्वारा थाने में कोई भी लिखित या मौखिक सूचना नही दी गई। जिससे यह गोलीकांड कई तरह की आशंकाओं को जन्म देता है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर अपनी जांच पक्की कर रही है, कहीं यह नशे के कारोबारियों के बीच टेरेटरी का मामला तो नहीं।

# मैहर रेलवे स्टेशन पर यात्री की मौत

- स्वास्थ्य बिगड़ने पर गाड़ी से उतरा था

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 नवम्बर. मुंबई से बिहार की यात्रा पर निकले एक यात्री ने मैहर रेलवे स्टेशन पर दम तोड दिया। ट्रेन में तबियत बिगड़ने पर वह प्लेटफार्म पर उतरा लेकिन कुछ देर बाद ही लड़खड़ा कर गिर गया। जीआरपी द्वारा मार्ग कायम कर जांच की जा रही है।**



मैहर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एक शख्स का शव 4 घंटे तक पड़ा रहा। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारी और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है। बताया गया कि, मृतक बिहार का रहने वाला था। वह मुंबई से बिहार जा रहा था और अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण मैहर रेलवे स्टेशन पर उतर गया था। यहीं उसकी मृत्यु हो गई। लोगों द्वारा शव प्लेटफॉर्म पर सुबह 11 बजे मृत अवस्था में देखा गया था। हालांकि, जीआरपी और आरपीएफ को सूचना न होने के कारण शव दोपहर 3 बजे तक प्लेटफॉर्म पर ही पड़ा रहा। इस दौरान यात्री भी शव के आसपास बैठे रहे।

# नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक ने किया औचक निरीक्षण

## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का किया अवलोकन

**नवभारत न्यूज**

**सतना 02 नवम्बर. नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग के संयुक्त संचालक मयंक वर्मा ने रविवार को नगर परिषद नागौद का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, कायाकल्प, भवन अनुज्ञा, राजस्व वसूली, डे-एनयूएलएम, पीएम स्वनिधि योजना सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति संबंधी शाखावार समीक्षा की एवं जलकर, विद्युत, लेखा व स्थापना शाखा से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया। इसके साथ ही श्री वर्मा ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, उपयंत्री अभिषेक शर्मा सहित निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।




# एक दिन में 111 पर कार्रवाई,पकड़ी गई 508 लीटर शराब

**नवभारत न्यूज**

**सतना 2 नवंबर. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत जारी कार्रवाई में मैहर जिले में न सिर्फ 508 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई बल्कि एक दिन में ही 111 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए.**





पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईजी रीवा जोन से प्राप्त निर्देश के आधार जिले के सभी थाने में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई. जिसका नतीजा यह रहा कि महज 24 घंटे के भीतर ही जिले भर में कुल 508.58 लीटर अवैध शराब पकड़ ली गई. पकड़ी गई अवैध शराब में 169.38 लीटर देशी, 29.2 लीटर अंग्रेजी और 310 लीटर कच्ची हाथ भट्ठी की महुआ शराब शामिल है. जब्त श्राब की कीमत 1 लाख 31 हजार 44 रु आंकी गई है. पुलिस अधीक्षक के अनुसार इतना ही नहीं बल्कि जिले के सभी थाने की पुलिस द्वारा एक दिन में ही कुल 111 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. नशे के विरुद्ध पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.



# निजी क्लीनिक में नवजात की मौत

## आक्रोशित परिजनों ने लगाए लापरवाही के गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 नवम्बर. मैहर में नवजात की मौत का मामला सामने आया है। मैहर के आरोग्यम हेल्थ केयर निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान एक नवजात की संदिग्ध मौत से परिजनों में आक्रोश फैल गया है।**

परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक में बच्चों के डॉक्टर डॉ. प्रदीप निगम की अनुपस्थिति में नाक-कान-गला विशेषज्ञ महिला डॉक्टर ने गलत इलाज कर बच्चे की जान ले ली।परिजनों का कहना है कि सुबह नवजात को कफ की शिकायत पर क्लीनिक लाए थे । परिजनों का कहना है कि महिला डॉक्टर ने कई जांचें लिखीं और बच्चे को भाप दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान इंजेक्शन लगाने के कुछ ही देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई, उसे हिचकियाँ आने लगीं। परिजन तुरंत डॉक्टर के पास पहुँचे, लेकिन कथित रूप से डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को नज़र अंदाज़ कर जांच रिपोर्ट आने का इंतज़ार करने को कहा। इसी बीच बच्चे ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही और गलत उपचार का गंभीर आरोप लगाते हुए क्लीनिक में रोना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार ग्राम बराकला, थाना बदेरा का रहने वाला है।

# कांग्रेस सेवादल ने की प्रशिक्षण शिविर की तैयारी बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 नवम्बर. कॉंग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कॉंग्रेस सेवादल को दिसंबर माह मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की अनुमति कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव द्वारा प्रदान की गई है । जिसकी तैयारी बैठक जिला कॉंग्रेस कार्यालय मे आयोजित की गई ।**



बैठक में सदस्य संख्या का निर्धारण किया गया, कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा की गयी । सेवादल के प्रशिक्षण शिविर में स्वयं सेवकों को कॉंग्रेस के इतिहास, आजादी की लडाई मे योगदान, भारतीय संविधान, स्वतंत्रता संघर्ष, शहीदों की गौरव गाथा, कॉंग्रेस की विचार धारा , गुट निरपेक्षता, पंच वर्षीय योजना का देश के नव निर्माण में योगदान , नेतृत्व क्षमता का विकास जैसे विषयों से परिचय के साथ साथ शारीरिक ,मानशिक , बौद्धिक क्रिया कलाप की कक्षाएं लगती हैं ।

बैठक में प्रमुख रूप से कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव राम प्रताप कुशवाहा लाला, सेवादल के जिला प्रभारी के डी चतुर्वेदी, एस आई आर के जिला प्रभारी आनंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह, शहर अध्यक्ष आनंद सेन, बद्री दाहिया, रामनरेश विश्वकर्मा, रामा औतार डोहर, मो. नईम, दिग्विजय सिंह बागरी, बली राम सिंह पटेल, यतेंद्र डोहर, हर्ष तिवारी, जाकिर खान, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी , चंद्रभान कश्यप उपस्थित रहे ।

# नशीली दवा बेचने वाले 2 धराए

**नवभारत न्यूज**

**सतना 2 नवंबर. आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के अवैध करोबार के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशीली दवा बेचने वाली 2 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 6 हजार की कफ सीरप बरामद कर ली.**



सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचनाउ के आधार पर पुलिस टीम ने जिगनहट अटरा तिराहे के पास पहुंचकर दबिश दी. इस दौरान हाथ में थैला लिए एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा. लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. तलाशी लिए जाने पर थैले में आनरेक्स कफ सीरप की 30 शीशियां बरामद हुईं. पूछताछ किए जाने पर आरोपी की पहचान संजीव उर्फ दादू शुक्ला 42 वर्ष निवासी जिगनहट के तौर पर हुई. इसी कड़ी में आरोपी संजीव ने बताया कि नशे में इस्तेमाल होने वाली यह कफ सीरप उसे उसका दोस्त अमन उर्फ अप्पू उर्मलिया 30 वर्ष निवासी हरदोखर नागौद लाकर देता है. लिहाजा पुलिस ने नशीली दवा देने वाले अमन को भी दबोच लिया. दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस और ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई.

### ► एक नजर में ◄



## नईबस्ती क्षेत्र में नाली, सड़क के लिए भूमि पूजा

**सतना.** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सतना नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15, नई बस्ती में 21.25 लाख की लागत से आरसीसी नाली व सीसी रोड तथा 28.15 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन जोन ऑफिस के समीप किया गया, जिसमें सहभागिता कर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया। कार्यक्रम में निर्माण समिति ( नगर पालिक निगम सतना ) के अध्यक्ष गोपी गेलानी , भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी , स्थानीय पार्षद श्रीमती ममता-मुरारी सोनी , शंकर प्रसाद रजक , केसरी गुप्ता , कल्याण पांडे , मुन्ना, श्रीमती शीला, लव कुश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## कचेहरी के हनुमान मन्दिर में भण्डारे का आयोजन

सतना । सिविल लाइन्स कचहरी परिसर में स्थित श्री हनुमान मन्दिर में वैदिक मंत्रोपचार के साथ हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया, कायस्थ समाज के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि, प्रात- 10 बजे महाआरती के पश्चात् भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था संरक्षक रावेन्द्र बब्लू श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, जीतेन्द्र कुमार, समाज के जिलाध्यक्ष दीपक निगम, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ .डी. के. निगम, विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, बृजेश निगम ने भी भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## रक्तदान कर सुजीत ने बचाई जान



**सतना।** अंकुरण तरु अध्यक्ष अंकुरण सीमा अग्रवाल ने बताया कि संस्था पर्यावरण के साथ मानव सेवा भी करती है जिसमें जरूरत मंदों को रक्त की व्यवस्था भी करवाती है और यह कार्य पूरी निष्ठा से अंकुरण के वरिष्ठ अंकुरण सौरभ त्रिपाठी की देखरेख में पूर्ण किया जाता है आज आग्रह पर युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी भाई सुजीत गुप्ता ( रवि ) ने मानवता का परिचय देते हुए जिला चिकित्सालय सतना में भर्ती 50 वर्षीय मरीज अनिल विश्वकर्मा के लिए नि :स्वार्थ भाव से रक्तदान किया।



# पटना में ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघों की संयुक्त बैठक में शामिल हुए सांसद

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 नवम्बर. बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ में अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी ) कर्मचारी कल्याण संघों की संयुक्त बैठक गणेश सिंह, सांसद एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

एसबीईआई ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ईस्ट सेंट्रल रेलवे, एलआईसी बिहार सर्कल, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, ऑल इंडिया नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा कोल इंडिया सहित विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के ओबीसी कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन और दीप प्रज्वलन से हुई.

### ज्ञान, संघर्ष और स्वाभिमान की धरती बिहार

अपने संबोधन में गणेश सिंह ने पटना को ज्ञान, संघर्ष और स्वाभिमान की धरती बताते हुए बिहार की ऐतिहासिक विरासत को नमन किया। उन्होंने बुद्ध की करुणा, सम्राट अशोक के धर्मविजय तथा लोकनायक जयप्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर और बी.पी. मंडल के सामाजिक न्याय आंदोलन का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के प्रयासों से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा मिला, जिससे ओबीसी समुदायों को संस्थागत सशक्तिकरण प्राप्त हुआ। आगामी जातिगत जनगणना से सटीक आंकड़े मिलेंगे,

# सहकार भारती की दो दिवसीय बैठक का समापन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 नवम्बर. दो दिवसीय बैठक के समापन के अंतिम दिन के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मैहर के विधायक आदरणीय श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्य अतिथि के रूप में संपन्न हुआ.**



सत्र में विशेष अतिथि के रूप में सहकार भारती के राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र गौतम, प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार एवं ऋषि शुक्ल उपस्थित रहे. सत्र के प्रारंभ में प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान ने सहकार भारती के परिचय को रखते हुए आज के युग में सहकारिता की उपयोगिता और इस दिशा में सहकार भारती के प्रयासों की विस्तार से चर्चा की. राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र गौतम ने सहकारिता के माध्यम से समाज के बीच समरसता और पर्यावरण के विषय में जन जागरण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला. इस मौके पर कुछ संगठन के विभाग स्तरीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई रामकृष्ण यादव जबलपुर विभाग प्रमुख संजय शाह सतना एवं कीर्ति पाठक सिंगरौली को सह विभाग प्रमुख, रीवा विभाग एडवोकेट संजय गौतम जी को सोलर ऊर्जा एवं वेस्ट मैनजमेंट प्रकोष्ट का रीवा विभाग रामुख मोहित चौरसिया को भोपाल विभाग का कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया.

## यूनिटी मार्च की तैयारी बैठक आज

**सतना, 2 नवम्बर.** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा नागौद में आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन 3 नवंबर, सोमवार को दोपहर 3 बजे से रेस्ट हाउस उचेहरा में किया जा रहा है। बैठक की मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक होंगी, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय करेंगे। बैठक में उचेहरा जनपद के समस्त मंडलों, भरहुत, परसमानिया के सभी मंडल पदाधिकारियों, नागौद व जसो मंडल के अध्यक्ष व महामंत्रियों, को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी जिला पंचायत सदस्य व यात्रा के सह संयोजक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू ने दी।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम के विजेताओं को मिला पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**

**सतना 02 नवम्बर. संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सतना जिले में 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग सतना द्वारा किया गया।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह एवं प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ. एके पाण्डेय, संभागीय खेल और कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी एवं एनएसएस प्रभारी क्रांति मिश्रा तथा सतना जिले के सभी स्कूल कॉलेज एवं गांव की युवा एवं युवतियां इस आयोजन में भाग लिए। यह आयोजन एक नवंबर 2025 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना की आडिटोरियम में आयोजित किया गया। सभी प्रथम, द्वितीय प्रतिभागियों को कप एवं नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव के कार्यक्रम में विज्ञान मेला में प्रथम सागर रवि एवं द्वितीय राघव नामदेव, कविता लेखन में प्रथम इंशी तिवारी एवं द्वितीय रोशनी दाहिया, पेंटिंग में प्रथम अंशिका त्रिपाठी एवं द्वितीय कृपांजलि द्विवेदी, भाषण में प्रथम अनुपमा पटनहा एवं द्वितीय नैना सिंह, कहानी लेखन में प्रथम रूचि विश्वकर्मा एवं द्वितीय किरण मल्लाह, लोक नृत्य समूह में मुस्कान एण्ड ग्रुप एवं द्वितीय दिव्या एण्ड ग्रुप तथा लोक गायन समूह में प्रथम खुशी एण्ड ग्रुप एवं द्वितीय इन्द्राणी एण्ड ग्रुप को मिला।